श्री बंशीधर नगर, शुक्रवार
28.06.2024
आषाढ़ कृष्णपक्ष षष्ठी संवत 2081
वर्ष : 02, अंक : 303

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 05:10 बजे
अस्त - 06:48 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 37 डिग्री से.
न्यूनतम : 28 डिग्री से.

# बंशीधर न्यूज

कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...





**सुविचार**

व्यक्ति अपने कर्मो से महान बनता है, ना की अपने जन्म से!

**न्यूज अपडेट्स**

### रांची में पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक चार को

**रांची।** पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की 14वीं बैठक चार जुलाई को रांची में होगी। इसमें स्टैंडिंग कमेटी की बैठक में लिये गये निर्णय और प्रस्ताव को अंतिम रूप दिया जायेगा। राज्य सरकार ने केंद्र सरकार को इस संबंध में प्रस्ताव भेज दिया है। बैठक में पुलिस आधुनिकीकरण, आतंकवाद, नक्सल, सीमावर्ती समस्याएं, पानी, मत्स्य, शिक्षा, मिड डे मील, वाटर हार्वेस्टिंग और हरित क्रांति आदि मुद्दों पर एक राज्य दूसरे राज्य को किस तरह से सहयोग करेंगे, इस पर चर्चा होगी। बैठक में यदि किसी राज्य को दूसरे राज्य से किसी तरह की मतभिन्नता होगी तो उसका निराकरण करने की कोशिश की जायेगी। पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक रांची में हो रही है, इसलिए यहां के संबंधित विभागों के सचिव और इनसे उच्च स्तर के अधिकारी बैठक में आमंत्रित सदस्य के तौर पर शामिल होंगे।

### मनोहरपुर में टेरर फंडिंग पर एनआईए का छापा

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के मनोहरपुर में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने आज टेरर फंडिंग पर बड़ी कार्रवाई करते हुए छापा मारा है। ››पेज 4 भी देखें

**समीक्षा** ▶ **सीएम ने जल जीवन मिशन पर दिया निर्देश**

# ससमय पूरा करें सभी योजनाएं



**रांची।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने गुरुवार को झारखंड मंत्रालय में अधिकारियों की उपस्थिति में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अद्यतन कार्य प्रगति की समीक्षा की। बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जल जीवन मिशन (हर घर जल) ग्रामीण के अंतर्गत छोटी-बड़ी जितनी भी योजनाएं ली गई हैं, उन योजनाओं को निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत अवश्य पूरा करें।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि वैसे सभी घर जहां नल से जल पहुंचाया गया है, समीक्षा करें कि योजना के तहत लगाए गए नलों में जल की उपलब्धता है या नहीं। जल जीवन मिशन के तहत आच्छादित सभी घरों में अनिवार्य रूप से पानी पहुंचे यह सुनिश्चित की जाए। जल जीवन मिशन प्रत्येक घर में नल से जल पहुंचाने निमित्त एक महत्वपूर्ण योजना है। हमारी सरकार पूरी तत्परता के साथ पेयजल समस्या का समाधान करने का प्रयास कर रही है।

मुख्यमंत्री ने सरकार द्वारा संचालित सभी जलापूर्ति परियोजनाओं को निर्धारित समय पर पूरा कर राज्य में सुलभ पेयजल उपलब्धता तथा कनेक्शन कार्यों में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने का निर्देश पदाधिकारियों को दिया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण जलापूर्ति योजनाओं का संचालन एवं रख-रखाव बेहतर तरीके से हो इस निमित्त विशेष सतर्कता बरतते हुए कार्य करें।

### विशेष कार्य योजना बनाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायत स्तर पर स्वीकृत नए नलकूपों के कार्य प्रगति में तेजी लाएं। खराब पड़े नलकूपों की मरम्मती कार्य भी अवश्य कराएं। बरसात के मौसम में लोगों को शुद्ध पेयजल की समस्या किसी भी हाल में नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भविष्य में पेयजल संकट से बचने के लिए विभाग विशेष कार्य योजना भी बनाएं।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि सरायकेला-खरसावां जिला अंतर्गत इंटागढ़ तथा डूडरा कमलपुर में विश्व बैंक संपोषित जलापूर्ति योजना-2023 में ली गई थी लेकिन एजेंसी की लापरवाही के वजह से यह योजना पूरी नहीं हो सकी, जिस एजेंसी द्वारा लापरवाही बरती गई है विभाग उस पर कार्रवाई सुनिश्चित करें तथा नई स्वीकृति कराकर इस जलापूर्ति योजना को पूर्ण कराया जाए।

### शिकायतों का निराकरण करें

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि विगत दिनों विभिन्न माध्यमों से ऐसी खबरें मिली रही हैं कि राज्य के कुछ जिलों में चूंआ, तालाब, कुआं आदि जल स्रोतों से ग्रामीण पीने का पानी ला रहे हैं, जिन-जिन क्षेत्रों में ऐसी खबरें मिल रही है वहां जांच कराकर शुद्ध पेयजल की व्यवस्था अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें। पेयजल से संबंधित जो भी शिकायतें विभाग को मिल रही हैं उसका निराकरण हर हाल में करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि वैसी सभी बहु ग्रामीण जलापूर्ति योजनाएं जिसे माह सितम्बर-अक्टूबर तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है, उन सभी योजनाओं को माह जुलाई-अगस्त तक हर हाल में पूरा करें। साथ ही कहा कि राज्य के भीतर कुछ ऐसे पहाड़ हैं जहां से झरना गिरता है उन जगहों पर भी जलापूर्ति योजनाएं ली जा सकती हैं। ऐसे पहाड़ों को चिन्हित कर कार्य योजना बनाएं।

**शौचालय निर्माण योजना को अबुआ आवास से जोड़ें**

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत बनाए जा रहे शौचालय निर्माण योजना को अबुआ आवास योजना से जोड़ें। उन्होंने निर्देश दिया कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण के लिए मात्र 12 हजार रुपये राशि दी जाती है। अधिकारी इसकी भी समीक्षा करें कि इतनी राशि में गुणवत्तापूर्ण शौचालय बनाया जा सकता है या नहीं।

## अच्छी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध : चंपाई



**रांची।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने गुरुवार को रांची स्मार्ट सिटी परिसर में गौतम मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए राज्यवासियों को अच्छी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने कहा कि राज्य की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली मजबूत बनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। साथ ही कहा कि निजी क्षेत्र में इस मेडिकल कॉलेज का खुलना स्वास्थ्य व्यवस्था के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस पहल से निश्चित तौर पर राज्य के विकास को एक नई दिशा मिलेगी।

### मेडिकल कॉलेज और अस्पताल खोलने पर जोर

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में स्वास्थ्य से संबंधित आवश्यकताओं को देखते हुए ज्यादा से ज्यादा मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल खोले जाने की जरूरत है। इस राज्य में आज भी देश के मानक स्तर से काफी कम मेडिकल कॉलेज और अस्पताल हैं। ऐसे में यहां नए मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के लिए राज्य सरकार लगातार प्रयास कर रही है। मुझे पूरा भरोसा है कि आने वाले दिनों में यहां निजी या पीपीपी मोड पर कई मेडिकल कॉलेज और अस्पताल खुलेंगे, जिसका फायदा यहां के लोगों को मिलेगा।

### निवेशकों को पूरा सहयोग करेंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य समेत किसी भी क्षेत्र में जो निवेशक यहां निवेश करने के इच्छुक हैं, उन्हें सरकार की ओर से पूरा सहयोग किया जाएगा। वे अपना प्रस्ताव दें, सरकार पूरी गंभीरता से विचार करेगी। निवेशकों को सरकार की नीति के अनुरूप इंसेंटिव भी दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य में विकास की गति तेज करने के लिए यह कदम उठाए जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भी बेहतर इलाज के लिए लोग दूसरे राज्यों और बड़े शहरों का रुख करते हैं। वहां महंगा इलाज होने की वजह से उनकी आर्थिक स्थिति पर बुरा असर पड़ता है।

## भूमि सुधार उप समाहर्ता की लिपिक रिश्वत लेते गिरफ्तार





**सरायकेला।** जमशेदपुर एसीबी की टीम ने गुरुवार को सरायकेला अनुमंडल कार्यालय परिसर स्थित भूमि सुधार उप समाहर्ता की लिपिक स्वागता नंदा को आठ हजार घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एसीबी की टीम स्वागत नंदा को पूछताछ के लिए अपने साथ ले गई है। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता सिंह सोय ने एसीबी से शिकायत की थी कि लिपिक स्वागता नंदा म्यूटेशन के नाम पर घूस मांग रही है। इसके बाद एसीबी ने जाल बिछाया और लिपिक को रंगे हाथों धर दबोचा। एसीबी की टीम स्वागत नंदा को पूछताछ के लिए जमशेदपुर लेकर चली गई है।

## रांची जगन्नाथपुर मेले का एक करोड़ 92 लाख में हुआ टेंडर



**रांची।** राजधानी के धुर्वा स्थित जगन्नाथपुर ऐतिहासिक मेले की तैयारी जोर-शोर से शुरू कर दी गई है। इसके मद्देनजर जगन्नाथ मेले का एक करोड़ 92 लाख में टेंडर हुआ है। पटना के आरंभ बिजनेस एंड मार्केटिंग ने सबसे अधिक बोली लगाकर ये टेंडर लिया है। पिछले साल भी टेंडर प्रक्रिया से मेला का ठेका दिया गया था, जिसमें आरएस इंटरप्राइजेज ने 75 लाख की सबसे ऊंची बोली में टेंडर लिया था। इस साल मेला का ठेका लेने के लिए न्यूनतम बोली 31 लाख रुपये से शुरू थी। कुल 11 लोगों ने टेंडर डाला था। तीन लोगों का टेंडर टेक्निकल बीड में रद्द किया गया। परंपरा के अनुसार सात जुलाई को भगवान जगन्नाथ रथ पर सवार होकर बहन सुभद्रा के घर जाएंगे और उसी दिन से जगन्नाथपुर में भव्य मेला शुरू हो जाएगा। यह मेला 17 जुलाई तक लगेगा। पुरी की तर्ज पर रांची में रथ यात्रा और मेला लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र होता है। मेला में तरह-तरह की दुकानें लगाई जाती हैं। राज्य के विभिन्न जिलों और दूसरे राज्यों से कारोबारी रांची पहुंचते हैं और मेले में दुकानें लगाते हैं। मेले में खिलौने से लेकर गृह सज्जा और हर तरह के जरूरत के सामानों की दुकानें लगाई जाती हैं। इस कारण ज्यादा से ज्यादा लोग इस मेले में सामान खरीदने पहुंचते हैं।

**10 अगस्त तक चलने वाले अभियान की सभी तैयारियां पूरी**

# रांची में सेना भर्ती रैली 27 जुलाई से



**रांची।** झारखंड राज्य के लिए (2024-25) सेना भर्ती रैली 27 जुलाई से 10 अगस्त तक रांची में आयोजित है। इस सेना भर्ती रैली के आयोजन को लेकर सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार एवं अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था) राजेश्वर नाथ आलोक की अध्यक्षता में गुरुवार को बैठक हुई। बैठक में डायरेक्टर रिक्रूटिंग रांची कर्नल विकास भोला एवं भर्ती से सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

बैठक के दौरान रांची में आयोजित होने वाली सेना भर्ती रैली को लेकर कर्नल ने कहा कि रांची जिले के युवाओं को सेना में ज्यादा से ज्यादा शामिल करना हमारा लक्ष्य है। रांची जिले के युवा ज्यादा से ज्यादा सेना में भर्ती होकर अपना भविष्य बनायें। ये हमारी प्राथमिकता है। कर्नल विकास भोला ने कहा कि रैली में जो युवा भाग लेंगे, उन्हें मौलिक सुविधा सहित अन्य सभी सुविधाएं रैली स्थल पर मुहैया कराई जायेगी। रैली के दौरान विधि व्यवस्था, ट्रैफिक व्यवस्था, रैली ग्राउंड में भर्ती स्थल की चौतरफा सुरक्षा की जायेगी। रैली स्थल ग्राउंड में सीजीआई शीट होगी। बैरिकेडेड क्षेत्र होगा। रैली का रन एरिया 1.6 किमी का होगा। विश्राम क्षेत्र के आसपास सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन चाक चौबंद होगा। रैली स्थल पर एम्बुलेंस के साथ मेडिकल टीम तैनात रहेगी। भर्ती रैली के दिनों में सुबह चार बजे से टीम उपलब्ध रहेगी। एसडीओ एवं अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था) ने जानकारी दी कि सारी व्यवस्था जिला प्रशासन की तरफ से उपलब्ध करा दी जायेगी।

एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने सेना में शामिल होने वाले उम्मीदवारों को सलाह दी कि वे शोषण करने वाले दलालों से दूर रहें। उन्होंने उम्मीदवारों से विशेष रूप से कहा कि सेना भर्ती पारदर्शी से होती है। जो भी भर्ती प्रक्रिया की सभी अहर्ता पूरी नहीं करता, उसकी भर्ती किसी भी हालत में नहीं हो सकती। इसलिए सभी उम्मीदवार दलालों से दूर रहें। उनके किसी भी झांसे में नहीं आयें।

## उग्रवादियों ने विधायक कमलेश सिंह के भाई की कंपनी के तीन वाहन फूंके



**मेदिनीनगर।** झारखंड में पलामू जिले के सड़ेया गांव में बुधवार रात साढ़े 10 बजे उग्रवादियों ने हुसैनाबाद के विधायक कमलेश कुमार सिंह के भाई विनय कुमार सिंह की अभय कंस्ट्रक्शन कंपनी के तीन वाहन (दो ट्रैक्टर, एक जेसीबी) फूंक दिए। इस कंपनी के पास हैदरनगर थाना क्षेत्र में सड़क (सड़ेया-डंडिला मार्ग) निर्माण का ठेका है। पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने वारदात की पुष्टि की है। हुसैनाबाद के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मुकेश कुमार महतो के नेतृत्व में टीम छानबीन कर रही है। हालांकि अब तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि वारदात को उग्रवादियों ने अंजाम दिया या अपराधियों ने। विधायक के भाई विनय कुमार सिंह का कहना है कि उन्हें उग्रवादी लगातार धमका रहे हैं। कई बार हुसैनाबाद और छतरपुर डीएसपी को सूचना दी गई। पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। पलामू एसपी रीष्मा रमेशन का कहना है कि इलाके में सर्च अभियान शुरू किया गया है। ठेकेदार ने दो दिन पहले मुंशी बदला था। हुसैनाबाद के एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो, हुसैनाबाद व हैदरनगर थाना प्रभारी समेत बड़ी संख्या में पुलिस बल को घटनास्थल भेजा गया है।

# विश्रामपुर नगर परिषद कर्मियों ने चलाया नशा मुक्ति एवं वृक्षारोपण अभियान



बंशीधर न्यूज

**विश्रामपुर :** विश्रामपुर नगर परिषद की ओर से हाल के दिनों में समाज में बेतहासा बढ़ रहे नशा का उपयोग को देखते हुये नशा मुक्ति अभियान चलाकर लोगों को इससे होने वाले नुकसान को बताते हुये जागरूक किया गया। वहीं बढ़ते ग्लोबल वार्मिंग के प्रकोप से बचने के लिये पौधरोपण भी किया जा रहा है। ताकि भीषण गर्मी से राहत मिले व समय पर वर्षा भी हो। झारखंड सरकार ने भी नशा मुक्ति अभियान की शुरूआत की है। गुरुवार की सुबह नगर परिषद की ओर से नशा मुक्त झारखंड नामक मुहिम की शुरूआत की गई। कार्यक्रम में शामिल लोगों को नशा का उपयोग नहीं करने की शपथ भी दिलाई गई। नगर प्रबंधक सुभाष हेंब्रम, प्रभात कुमार एवं नगर मिशन प्रबंधक जितेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से नशा मुक्ति अभियान का शुभारंभ किया। नगर प्रबंधकों ने अपने संबोधन में कहा कि नशा समाज का नासूर बीमारी बनते जा रहा है जो समय के साथ जानलेवा बन जाता है। यह न केवल वित्तीय हानि करता है बल्कि समाज में मयार्दा का नुकसान भी करता है। वहीं नगर मिशन प्रबंधक ने बताया कि यह समाज के विकास में बहुत बड़ा बाधक है। समाज को जागरूक करने के लिये एवं नशे से एकजुट होकर लड़ने के लिये इस अभियान को जनजन तक पहुंचाने के लिये स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को भी जोड़ा है। लोगों को इसके प्रति जागरूक करने के लिये मानव श्रृंखला भी बनाकर संदेश दिया गया। वहीं पर्यावरण संरक्षण पखवाड़ा अंतर्गत पौधरोपण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमे कार्यालय कर्मियों ने फलदार व छायादार पौधा लगाया। कार्यक्रम में जेई, सफाई सुपरवाईजर, कंप्यूटर ऑपरेटर, वाहन चालकों सहित सैकड़ों की संख्या में स्वयं सहायता समूह की महिलाएं एवं नागरिक शामिल थे।

**न्यूज अपडेट्स**

## युवाओं को जिम्मेदारी लेनी होगी : आशीष

**मेदिनीनगर :** आशीष भारद्वाज के नेतृत्व में पानी यात्रा के तहत चलाये जा रहे हस्ताक्षर सह जनजागरण अभियान के तहत 14 वें दिन युवाओं की टीम मिशन स्कूल पहुंची। वहां छात्राओं और शिक्षक-शिक्षिकाओं के बीच जल संरक्षण और वृहद् वृक्षारोपण को लेकर जनजागरण इसके बाद आवादगंज स्थित अपना गुरुकुल कोचिंग संस्थान के बच्चां के बीच जल संरक्षण और वृक्षारोपण को लेकर चर्चा की गयी। आशीष भारद्वाज ने कहा कि हमारी समस्याओं से किसी को कोई मतलब नहीं है। आज पेयजल जैसे बुनियादी चीज के लिये हमे लड़ना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि शहरवासियों को आने वाले समय में इस बड़ी विपदा से बचाने के लिए युवाओं को अभी से कार्य करना होगा। चौदहवें दिन पानी यात्रा में निरंजन मेहता, रविकान्त शर्मा, राकेश तिवारी लड्डू, आकाश विश्वकर्मा, राहुल गुप्ता, गोलू सहित कई लोग शामिल थे।

**गढ़वा** नगर पंचायत में समस्याओं का विरोध

# निकाली आक्रोश रैली

बंशीधर न्यूज



**मझिआंव :** सुविधा विहीन मझिआंव नगर पंचायत में विभिन्न समस्याओं को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने क्रांतिकारी किसान मजदूर यूनियन के बैनर तले बाजार क्षेत्र में आक्रोश रैली निकाली। इस दौरान लोग नगर पंचायत होश में आओ होश में आओ, नगर पंचायत में घूसखोरी बंद करो, खजूरी पंचायत को नगर पंचायत से अलग करो, विकलांग एवं वृद्धा पेंशन अविलंब चालू करो, वार्ड नंबर 9 में तालाब सौंदर्यीकरण की जांच कराओ एवं मजदूर किसान एकता मंच जिंदाबाद आदि नारे लगा रहे थे। उसके पश्चात नगर पंचायत कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। धरना के माध्यम से नगर विकास विभाग झारखंड सरकार रांची के नाम कार्यपालक पदाधिकारी के अनुपस्थिति में नगर प्रबंधक जितेश कुमार एवं राकेश पाठक को सात सूत्री मांग पत्र सौंपी गई। दिये गये मांग पत्र में नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 9, 10, 11 एवं 12 को नगर पंचायत क्षेत्र से अलग करने, सभी प्रकार के टैक्स मुक्त करने, रिश्वतखोरी पर लगाम लगाने, यथाशीघ्र वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन एवं दिव्यांग पेंशन प्रदान करने, सिंचाई एवं पीने का शुद्ध पानी उपलब्ध कराने, वार्ड नंबर 9 स्थित तालाब के नवीनीकरण मे घोर अनियमितता की जांच कराने सहित सात सूत्री मांग शामिल है। एकदिवसीय धरने का नेतृत्व कर रहे बिंदेश्वरी उर्फ अशोक पाल ने कहा कि नगर पंचायत का अधिकांश क्षेत्र ग्राम पंचायत के लायक है। जहां किसान मजदूर निवास करते हैं। उन्हें कृषि सिंचाई हेतु आहार, तालाब, कुआं, पीने का शुद्ध पानी, खाद बीज आदि की जरूरत है जो कि हमारे नगर पंचायत में एक भी संसाधन उपलब्ध नहीं है। इसके बावजूद भी यहां के ग्रामीणों से अनेकों प्रकार के टैक्स मसलन सफाई टैक्स, होल्डिंग टैक्स, राजस्व टैक्स एवं बिजली टैक्स आदि वसूली को लेकर प्रेशर बनाया जाता है। जिसको ग्रामीण वहन करने में सक्षम नहीं है। जबकि खजूरी पंचायत स्थित वार्ड नंबर 9, 10, 11 एवं 12 के निवासी अपने को नगर पंचायत से बाहर करने को लेकर नगर पंचायत गठन के समय से ही मांग करते आ रहे हैं। इतना ही नहीं नगर पंचायत क्षेत्र के अधिसंख्य वार्डों में सफाई, पानी, बिजली, नाली, रोड एवं गली आदि की कोई व्यवस्था नहीं है। उसके बावजूद भी टैक्स देना पड़ता है। मौके पर भरत कुमार कुशवाहा, वीरेंद्र चंद्रवंशी, जन संघर्ष मोर्चा के पलामू जिला अध्यक्ष तेज नंदन मेहता, अधिवक्ता विनय पाल, फरीद खान, ईबरार खान, सरयू साह, सीताराम पाल, अखंड झारखंड आदिवासी समन्वय समिति के तपेश्वर सिंह, मुन्ना राम आदि उपस्थित थे।

## सुलसुलिया आंगनबाड़ी केंद्र के लिये सहायिका चयनित



**श्री बंशीधर नगर :** प्रखंड अंतर्गत सुलसुलिया गांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र के लिये सहायिका चयन को लेकर गुरुवार को आम सभा का आयोजन किया गया। योग्यता के आधार पर चयन समिति की ओर से अनु कुमारी का चयन सहायिका पद के लिये किया गया। जानकारी के मुताबिक आमसभा में सहायिका के लिये चार आवेदकों अनु कुमारी को कुल 18 अंक, ममता कुमारी को 11 अंक, दुर्गावती कुमारी को 14 अंक तथा काजल कुमारी को 18 अंक प्राप्त हुये। अनु कुमारी को विधवा होने के कारण अतिरिक्त 5 अंक प्रदान किया गया। जिससे उनका 23 अंक हो गया। सर्वाधिक अंक प्राप्त करने के कारण अनु कुमारी का चयन सहायिका पद पर किया गया। चयन समिति में सीडीपीओ राजकेश्वरी खलखो, पर्यवेक्षिका शोभा कुमारी, माया गुप्ता, मध्य विद्यालय सुलसुलिया के प्रधानाचार्य देव प्रकाश द्विवेदी, एएनएम किरण कुमारी, आलोक कुमार, कमोदा देवी, शीला देवी, रंभा देवी, दुर्गावती देवी, सविता देवी, सरिता देवी, अनीता देवी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## भाकपा के प्रतिनिधि मंडल ने सीओ को सौपा चार सूत्री मांग पत्र

**श्री बंशीधर नगर :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का पांच सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने सीओ विकास कुमार से मिलकर चार सूत्री मांग पत्र सौंपा। प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों ने सीओ से उक्त मांगो पर गम्भीरता पूर्वक विचार करते हुये समस्याओं का शीघ्र समाधान की दिशा में पहल करने का अनुरोध किया। मांग पत्र में मांग पंजी टू से भूमि का लगान लेने, गैरमजरूआ भूमि का बन्द लगान चालू कराने, पंचायतों में शिविर लगाकर दाखिल खारिज का कार्य कराने तथा राजस्व कर्मचारियों को पंचायत में उपस्थित रहने का निर्देश देने की मांग शामिल है। प्रतिनिधि मंडल में अंचल सचिव गोपाल यादव, देवीदयाल मेहता, श्री राम, विद्या पासवान व रामनाथ उरांव शामिल थे।

## वज्रपात से दो बैल व एक गाय की मौत

**धुरकी :** धुरकी थाना क्षेत्र के करवा पहाड़ गांव निवासी राजकुमार गोंड़ के दो बैल व एक गाय की मौत वज्रपात से हो गई। जानकारी के अनुसार गुरुवार को करीब चार बजे बारिश के साथ हुई वज्रपात हुई। बारिश के कारण गाय बैल आम के पेड़ के नीचे चले गये। इसी दौरान हुई वज्रपात से मौके पर ही गाय बैल की मौत हो गई। बैल गाय की मौत हो जाने से किसान राजकुमार गोंड़ काफी मर्माहत हैं। उन्हें काफी नुकसान हुआ है। उसने कहा कि किसानी खेती करने के लिये मेरे पास यही दोनो मात्र बैल ही था। अब खेती का समय आ रहा है अब खेती कैसे होगा कुछ पता ही नहीं।

## अभ्यर्थियों के लेखा व्यय की जांच 30 को

**मेदिनीनगर :** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर लोकसभा चुनाव 2024 परिणाम के 26 वें दिन एकाउंट रेकांशलिशन मीटिंग का आयोजन किया जाना है। इसी क्रम में चतरा समाहरणालय के सभाकक्ष में दिनांक 30 जून 2024 को पूर्वाह्न 11 बजे चतरा लोकसभा चुनाव 2024 में भाग लेने वाले सभी अभ्यर्थियों का लेखा व्यय का जांच की जायेगी। इस लेखा व्यय जांच में शामिल होने को लेकर चतरा के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी ने चतरा लोकसभा क्षेत्र से चुनाव में भाग ले चुके कुल 22 प्रत्याशियों से बैठक में शामिल होने को लेकर अनुरोध किया है।

## पुलिस पर गोली चलाने का आरोपी गिरफ्तार

**मेदिनीनगर :** नौडिहा बाजार में पुलिस पर फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी सुनील पासवान उर्फ डाक्टर जी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पकड़ा गया सुनील पासवान पाटन थाना के भुडुवा गांव का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार नौडिहा बाजार के तत्कालीन थाना प्रभारी रंजीत प्रसाद यादव द्वारा पुलिस बल को लक्ष्यकर गोली चलाने संबंधित मामला दर्ज कराया गया था। इसमें 15 नामजद एवं 4-5 अन्य को आरोपी बनाया गया था। आरोप था कि प्रतिबंधित नक्सली संगठन के सदस्यों द्वारा नाजायज मजमा बनाकर व अवैध हथियारों से लैस होकर पुलिस पर गोली चलाई गई थी।

## माड़न गोलीबारी मामले में दो गये जेल

**मेदिनीनगर :** थाना क्षेत्र के माड़न गांव में रास्ता की जमीन को लेकर उत्पन्न विवाद में बुधवार की सुबह हुई गोली बारी मामले में कार्रवाई करते हुये पुलिस ने बुटारी सिंह उर्फ चम्पू सिंह एवं अनिल राम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बता दें कि राजकुमार राम एवं बासुदेव राम दोनों भाईयों के बीच रास्ता विवाद को लेकर मारपीट हो रही थी। इसी दौरान बासुदेव का पुत्र पंकज राम अपने तीन-चार साथियों के साथ वहां पहुंचा और पिस्तौल से फायरिंग की। इस घटना में 15 वर्षीय हेयातुल अंसारी की जांघ में गोली लग गई थी।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**मेदिनीनगर :** शहर थाना क्षेत्र के रेड़मा काली मंदिर के पास स्थित सीएनआई चर्च के खिड़की की रॉड से रस्सी के सहारे फांसी लगाकर 30 वर्षीय इमरान हुसैन नामक युवक ने आत्महत्या कर लिया है। वह चैनपुर थाना क्षेत्र के झरिवा गांव निवासी इबरार हुसैन का पुत्र था। स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी शहर थाना को दी गई।

# चयनित लैंपस संचालकों को दिया गया सीएससी संचालन का प्रशिक्षण

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** केंद्रीय प्रायोजित योजना अंतर्गत कंप्यूटराईजेशन का पैक्स अंतर्गत द्वारा चयनित लैंपस समितियों के पद धारकों को सीएससी संचालन संबंधी प्रशिक्षण प्रदान करने के लिये गुरूवार को समाहरणालय गढ़वा के कॉन्फ्रेंस हॉल में एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन डीसी शेखर जमुआर तथा डीडीसी पशुपतिनाथ ने दीप जलाकर किया। कार्यशाला सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड एवं नेशनल काउंसिल फॉर कोऑपरेटिव ट्रेंनिंग फॉर पैक्स एनसीसीटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण चयनित लैंप्स समितियों के पद धारकों द्वारा लैंप्स से सीएससी सेवाओं का बेहतर संचालन कर उन्हें स्वावलंबी बनाने के लिये आयोजित किया गया। ताकि लैंप्स संचालकों का आर्थिक उन्नयन हो सके एवं क्षेत्र के आमजनों को अत्यधिक सरकारी एवं अन्य सेवा प्रदान किया जा सके। प्रशिक्षण में उपस्थित प्रतिभागियों को जिला प्रबंधक, सीएससी गढ़वा कौशल किशोर और मनीष कुमार केशरी ने बारी-बारी से सर्वप्रथम सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड की विविध सेवाओं की जानकारी दी। तत्पश्चात कॉमन सर्विस सेंटर के डिजिटल सेवा पोर्टल की हैंड ऑन ट्रेनिंग प्रदान की गई। सभी प्रतिभागियों के लैंपस का सोशल मीडिया अकाउंट बनवाया गया। लैंपस के पद धारियों को प्रधानमंत्री कल्याण योजना, जन औषधि केंद्र सेवाएं, गवर्नमेंट टू सिटीजन सेवाओं, बिजनेस टू सिटिजन सेवा, फाईनेंशियल इंक्लूजन सेवा (बैंकिंग, बीमा, पीएमएफबीवाई, पेंशन, डीजीपे), स्वास्थ्य सेवाएं, कृषि सेवाएं, ग्रामीण स्टोर सेवाओं न्यायिक सेवा, ट्रैवल एंड टूरिज्म सेवा एजुकेशन एवं स्किल सेवा तथा मिशन कर्मयोगी संबंधी विशेष जानकारी प्रदान कराई गई। मौके पर सहकारिता पदाधिकारी नीलम कुमारी सहित कई अन्य उपस्थित थे।

# एआरओ ने राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

बंशीधर न्यूज



**श्री बंशीधर नगर :** सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ अदिती गुप्ता ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर प्रखंड कार्यालय के सभागार में सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं जन प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में एक दर्जन बूथों में परिवर्तन करने का निर्णय लिया गया। जिसमें बूथ संख्या 234 को हरिजन टोला पुराना भवन से हटा कर मध्य विद्यालय नगर ऊंटारी में विलय होने के कारण बदला गया, बूथ संख्या 243 को उत्क्रमित मध्य विद्यालय जंगीपुर से नव प्राथमिक विद्यालय नायखाड़, बूथ संख्या 180 को उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुंबाखुर्द नार्थ से बदल कर नव प्राथमिक विद्यालय फुटहा बांध कुंबाखुर्द, बूथ संख्या 18 उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुंबाखुर्द मध्य भाग से बदल कर उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय अमर सरई कुंबाखुर्द, बूथ संख्या 184 उत्क्रमित मध्य विद्यालय जमुआ उतरी भाग से बदल कर उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोरेया, बूथ संख्या 191 को उत्क्रमित मध्य विद्यालय बिलासपुर पूर्वी भाग से बदल कर उत्क्रमित मध्य विद्यालय गंगटी, बूथ संख्या 195 को उत्क्रमित मध्य विद्यालय गरबांध पूर्वी भाग से बदल कर स्तरोन्नत उच्च विद्यालय गरबांध, बूथ संख्या 197 को उत्क्रमित मध्य विद्यालय गरबांध पश्चिमी भाग से बदल कर उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय ब्राह्मणी टोला गरबांध, बूथ संख्या 202 उत्क्रमित मध्य विद्यालय पिंडरिया पश्चिमी भाग से बदल कर उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय सोनबरसा, बूथ संख्या 214 को उत्क्रमित मध्य विद्यालय पिपरडीह दक्षिणी भाग से बदल कर उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय ठरकीया, बूथ संख्या 215 को उत्क्रमित मध्य विद्यालय पिपरडीह पश्चिमी भाग को बदल कर उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय ठरका, बूथ संख्या 256 को उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुशडंड पश्चिमी भाग को बदल कर नव प्राथमिक विद्यालय कुशमाहा टोला कुशडंड तथा बूथ संख्या 267 को एचएस कधवन से बदल कर उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय भैसबेढवा सहित एक को छोड़ कर नया भवन मतदान क्षेत्र के अंदर अवस्थित होने के कारण किया गया। बैठक में प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सह कांग्रेस के वरीय जिला उपाध्यक्ष शैलेश कुमार चौबे, पूर्व प्रमुख रवीन्द्र पासवान, सांसद प्रतिनिधि मुकेश चौबे, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अमर राम, प्रमोद कुमार, अनिल सिंह, अमर नाथ पांडेय, प्रखंड समन्वयक पंचायती राज कौशल कुमार, विकास जायसवाल, अजय गुप्ता, जितेंद्र कुमार, रणधीर कुमार, गोपाल प्रसाद, अशोक कुमार, वीरेन्द्र कुमार सिंह, मुखिया मनोज ठाकुर, रेखा कुमारी, शिविष्टयानी केरकेट्टा, सुशीला देवी, उषा देवी, राकेश चौबे, फिरदौश अंसारी, वीरेन्द्र प्रसाद सहित बड़ी संख्या में राजनीतिक दल के प्रतिनिधि और जन प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## इमली जंगल में हो रही पेड़ों की कटाई

**पाटन :** एक तरफ वन एवं पर्यावरण विभाग जंगल को बचाने के लिये नयी-नयी योजनाएं चलाकर वृक्षारोपण का कार्य करता है। ताकि पर्यावरण पर पढ़ रहे दुष्प्रभावों को रोका जा सके। लेकिन पाटन वन परिक्षेत्र में आने वाले इमली जंगल में तेजी से पेड़ों की कटाई हो रही है। इस पर वन विभाग के अधिकारियों का ध्यान नहीं है। अगर इसी तरह पेड़ों की कटाई होती रही तो एक दिन जंगल पूरी तरह से खत्म हो जायेगा। जंगली जानवर अपनी भोजन की तलाश में गांव की तरफ निकल पड़ेंगे, जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। इस संबंध में वन विभाग के अधिकारी से बातचीत की गयी तो उन्होंने बताया कि जंगल की कटाई हो रही है।

# संस्कार के बिना संस्कृति की स्थापना नहीं : जीयर स्वामी



बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** संस्कार के बिना संस्कृति की स्थापना नहीं हो सकती। भारतीय संस्कृति व सभ्यता विश्व की सर्वाधिक प्राचीन एवं समृद्ध संस्कृति व सभ्यता है। आज भी यह अपने परंपरागत अस्तित्व के साथ अजर-अमर बनी हुई है। संस्कृति किसी भी देश, जाति और समुदाय की आत्मा होती है। संस्कृति से ही देश, जाति या समुदाय के उन समस्त संस्कारों का बोध होता है, जिनके सहारे वह अपने आदर्शों, जीवन मूल्यों, आदि का निर्धारण करता है। उक्त बातें पूज्य श्री जीयर स्वामी जी ने कही। वे सिंगरा में आयोजित प्रवचन कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि संस्कृति का क्षेत्र सभ्यता से कहीं अधिक व्यापक और गहन होता है। सभ्यता का अनुकरण किया जा सकता है, लेकिन संस्कृति का अनुकरण नहीं किया जा सकता है। सभ्यता वह है, जो हम बनाते हैं तथा संस्कृति वह है, जो हम हैं। भारतीय संस्कृति का सर्वाधिक व्यवस्थित रूप वैदिक युग में प्राप्त होता है। वेद विश्व के प्राचीनतम ग्रंथ माने जाते हैं। प्रारंभ से ही भारतीय संस्कृति अत्यंत उदात्त, समन्वयवादी, सशक्त एवं जीवंत रही है, जिसमें जीवन के प्रति वैज्ञानिक दृष्टिकोण तथा आध्यात्मिक प्रवृत्ति का अद्भुत समन्वय पाया जाता है। भारतीय विचारक आदिकाल से ही संपूर्ण विश्व को एक परिवार के रूप में मानते रहे हैं। इसका कारण उनका उदार दृष्टिकोण है। वस्तुतः शारीरिक, मानसिक और आत्मिक शक्तियों का विकास ही संस्कृति की कसौटी है। इस कसौटी पर भारतीय संस्कृति पूर्ण रूप से उतरती है। आश्रम व्यवस्था का पालन करते हुए धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति भारतीय संस्कृति का मूल मंत्र रहा है।

## न्यूज अपडेट्स

### बिजली का करंट लगने से अधेड़ की मौत

**सगमा :** धुरकी थाना क्षेत्र के मकरी गांव में बिजली करंट की चपेट में आने से एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक के घर में आज छठी संस्कार था जो शोक में बदल गया। जानकारी के अनुसार मकरी गांव निवासी साठ वर्षीय राम मूरत कुशवाहा छठी संस्कार के मौके पर स्नान करने अपने घर से दो सौ गज दूर अपने कुआ पर गये जहां मृतक ने मोटर चलाने के लिये बिजली तार को लाईन में जोड़ रहे थे। इसी बीच तार उनके शरीर पर गिर गया जिस कारण घटनास्थल पर उनकी मौत हो गई। घर वालों को कुछ देर बाद पता चला तो घर वाले दौड़ते हुये घटनास्थल पर जाकर देखा तो उनकी मौत हो चुकी थी। मृतक अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ कर गये हैं।

### स्क्वाड टीम के सदस्य ने किया रक्तदान

**रमना :** प्रखंड के युवाओं के द्वारा बनाये गये सोशल स्क्वाड टीम की ओर से जरुरतमंदों को लगातार रक्तदान किया जा रहा है। टीम के सदस्यों के द्वारा समय समय पर स्वयं रक्तदान करने के अलावे रक्तदान के लिये लोगों को प्रेरित भी किया जा रहा है। पिछले कई दिनों से खून की कमी से जिन्दगी और मौत के बीच झुल रही मंझिआंव निवासी एक महिला के लिये सोशल स्क्वाड के सदस्य निशीथ राहुल ने रक्तदान किया।

## पेजयल : डीसी ने की ग्रामीण पाईप लाईन योजना की समीक्षा

# अगस्त में चालू करें जलापूर्ति

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** डीसी शेखर जमुआर की अध्यक्षता में गुरूवार को समाहरणालय के सभागार में जल जीवन मिशन, गढ़वा अंतर्गत क्रियान्वित विलंब से चल रहे 14 बहु ग्रामीण पाईप जलापूर्ति योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में डीसी ने उक्त योजनाओं की बारी-बारी से विस्तृत समीक्षा की एवं आवश्यक निर्देश दिया।

डीसी ने सर्वप्रथम हेताड़ कला-बेता बहु ग्रामीण जलापूर्ति योजना की चर्चा की जिसमे कार्य योजना को लंबित रहने का कारण पूछा। उपस्थित संवेदक ने बताया 4 टंकी बनकर तैयार है एवं कुछ पाईप लाईन के कार्य में समस्या है, जिसे पूर्ण कर योजना को माह अगस्त 2024 में चालू करते हुये लक्षित सभी घरों को पानी दिया जायेगा। आदर-बरडीहा बहु ग्रामीण जलापूर्ति योजना के बारे में विलंब का कारण बताया गया कि रॉ वाटर के पाईप लाईन बिछाने में पीडब्ल्यूडी रोड के किनारे जगह नहीं होने के कारण पाईपलाईन बिछाव का रूट डायवर्ट किया गया है, जिसकी स्वीकृति के लिये संचिका संबंधित विभाग में लंबित है। संवेदक ने बताया कि डायवर्ट रूट में कुछ फॉरेस्ट क्लीयरेंस की भी समस्या है, जिसका समाधान 2-3 दिन में करते हुये योजना के सभी घटकों का कार्य पूर्ण कर माह अगस्त 2024 में जलापूर्ति चालू कर दिया जायेगा। डीसी ने निर्देशित किया कि माह अगस्त तक योजना चालू कर जलापूर्ति कार्य चालू करें। गोदरमाना बहु ग्रामीण जलापूर्ति योजना समीक्षा के क्रम में संवेदक द्वारा बताया गया कि योजना लगभग पूर्णता की स्थिति में है। इसके सभी घटकों का कार्य पूर्ण कर अगस्त में जलापूर्ति चालू कर दिया जायेगा। ओखरगाड़ा-चेचरिया बहु ग्रामीण जलापूर्ति योजना की चर्चा के दौरान संवेदक अनुपस्थित पाये गये, जिसके कारण इस योजना की समीक्षा नहीं किया जा सकी एवं डीसी ने नाराजगी व्यक्त करते हुये संवेदक को काली सूची में डालने के लिये पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता प्रदीप कुमार सिंह को प्रस्ताव उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। रामपुर-टडहे बहु ग्रामीण जलापूर्ति योजना की कार्यप्रगति अच्छा पाया गया एवं संवेदक को माह अगस्त तक योजना को पूर्ण कर जलापूर्ति प्रारंभ करने की बात कही। बैठक में डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा, सीएस डॉ अशोक कुमार, शिक्षा विभाग के पदाधिकारी, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के सहायक अभियंता, कनीय अभियंता एवं संबंधित योजनाओं के संवेदक तथा उनके प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

### शिक्षिका ने धर्म को लेकर बच्चों के साथ की आपत्तिजनक टिप्पणी

**सतबरवा :** प्रखंड के मेला टांड़ बाजार स्थित मध्य विद्यालय की एक शिक्षिका रानी पूनम द्वारा धर्म पर विद्यार्थियों के साथ आपत्ति जनक बात करने पर गुरुवार को बच्चों संग कई अभिभावक व उप प्रमुख कामाख्या नारायण यादव, भाजयुमो प्रखंड अध्यक्ष ज्योति सिंह ने विद्यालय के प्रधानाध्यापिका विद्या कुमारी चेन्नई से आपत्ति जताते हुये आक्रोश व्यक्त किया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका विद्या कुमारी चेन्नई ने सुधार का एक मौका देने की बात पर मामला रफा-दफा हुआ। बच्चों ने शिक्षिका रानी पूनम पर धर्म के बारे में बच्चों को कई आपत्ति जनक बातें कहते हुये स्कूल में टीका लगाकर बच्चों को नहीं आने की चेतावनी कई बार दिया तथा भीम आर्मी की बातें करने का भी बच्चों ने आरोप लगाया। इसी बात को लेकर पहुंचे अभिभावक, उप प्रमुख कामाख्या नारायण यादव, भाजयुमो प्रखंड ज्योति सिंह ने प्रिंसिपल विद्या कुमारी चेन्नई से मिल शिक्षिका की शिकायत कर आक्रोश व्यक्त किया। प्रिंसिपल ने आरोपित शिक्षिका व अन्य शिक्षक को कार्यलय में बुलाया और आरोपी शिक्षिका से इस संबंध में बात की। आरोपी शिक्षिका रानी पूनम ने कहा कि हमने जो पढ़ा है, उसी को मैं पढ़ाती हूं। माथे पर टिका लगाकर आने से बच्चों में संतुलन नहीं बन पाता है, इसलिये मैं कहती हू एक ड्रेस में एक जैसा बच्चे रहेंगे मैं अपना धर्म को मानती हू, मैं अंबेडकर द्वारा लिखी गई किताब को ही मानती हू। मैं रामायण, महाभारत या कोई ग्रंथ को नहीं मानती हू। अगर मेरी गलती है तो मैंने जितना भी पढ़ाया सब गलत है। इस विषय पर प्रिंसिपल विद्या कुमारी चेन्नई उपस्थित लोगों से शिक्षिका को सुधार का एक मौका देने की बात कहते हुये कहा कि अगर इस प्रकार का मामला दुबारा आया तो कार्रवाई निश्चित होगी।

### केके साहू ने किया पद्भार ग्रहण



**भवनाथपुर :** भवनाथपुर के पुलिस इंस्पेक्टर केके साहू ने गुरुवार को पद्भार ग्रहण किया। उनके पद्भार ग्रहण करने से लोगों में हर्ष एवं उत्साह देखा जा रहा है। बहुत ही अनुभवी एवं अनुशासन प्रिय पुलिस इंस्पेक्टर केके साहू ने कहा कि मेरी पहली प्राथमिकता थाना क्षेत्र में अमन चैन कायम करना, क्राईम कंट्रोल एवं पुलिस पब्लिक के साथ मैत्री पूर्ण संबंध स्थापित करना है। कहा कि आम जनता की मदद के लिये पुलिस हमेशा तत्पर रहेगी।

### वज्रपात से दो लोगों की मौत

**सगमा :** प्रखंड क्षेत्र के चैनपुर गांव निवासी शिवनाथ पासवान उम्र 30 वर्ष की मौत वज्रपात से हो गई। चैनपुर के शिवनाथ पासवान अपने घर के बगल में अपना ही बैल को बांध रहे थे। इसी बीच वज्रपात के चपेट में आने से वे घायल हो गये। घायल अवस्था में परिजनों ने नजदीकी अस्पताल दुद्धि लेकर जा रहे थे। जहां रास्ते में है उसकी मौत हो गई। शिवनाथ पासवान अपने माता-पिता के एकलौता पुत्र थे।

### केतार पुलिस ने की वाहन चेकिंग



**केतार :** थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी ने केतार में जब से पदभार ग्रहण किया है तब से गोरख धंधा करने वाले और आसमाजिक तत्वों में हड़कंप मचा हुआ है। बुधवार की शाम एंटी क्राईम को लेकर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन जांच के दौरान दो पहिया और चार पहिया वाहनों की जांच की गई। इस दौरान वाहनों की डिक्की में रखे सामान की जांच के साथ दस्तावेजों की जांच की गई। साथ ही बाईक चलाने वाले सभी लोगों को हेल्मेट पहन कर बाईक चलाने और चार पहिया वाहन चालक को सीट बेल्ट लगा कर चलने की नसीहत दी। मौके पर थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी ने कहा कि केतार थाना अंतर्गत किसी भी तरह का अवैध कार्य करने वाले लोगों, असमाजिक तत्व, बिचौलियों पर मेरी पूरी तरह से पैनी नजर रहेगी। मेरा लक्ष्य केतार थाना अंतर्गत शांति व्यवस्था बहाल करना है। इसके बीच जो लोग भी आएंगे उनके ऊपर

### हथियार के बल पर सीएसपी संचालक से पांच लाख की लूट

**मझिआंव :** थाना क्षेत्र के सोनपुरवा गांव के टिकोरवा टोला नहर पर एक सीएसपी संचालक से पिस्तौल का भय दिखाकर चार नकाबपोश अपराधियों ने 5 लाख रुपये लूट कर फरार हो गये। सीएसपी संचालक टड़हे गांव निवासी शेख कलामुद्दीन अंसारी का पुत्र एनुअल अंसारी है। इसकी सूचना मिलते ही थाना प्रभारी आकाश कुमार के निर्देश पर एएसआई आलोक कुमार ने दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर घटना का जायजा लिया। इस संबंध में संचालक एनुअल ने बताया कि लंच के बाद एसबीआई बरडीहा ब्रांच मझिआंव से पांच लाख रुपये की निकासी कर बैग में रखकर मैं अपने टड़हे गांव स्थित सीएसपी केंद्र जा रहा था। इसी बीच सोनपुरवा गांव के टिकोरवा टोला नहर पर पूर्व से घात लगाये बैठे चार नकाबपोश अपराधियों ने मेरे बाईक को अचानक रोका और मोबाईल छीनकर तोड़ दिया। उसके पश्चात पिस्तौल निकाल कर लहराते हुये कनपटी में सटाकर बैग में रखें पांच लाख रुपये लेकर फरार हो गये। पुलिस निरीक्षक सुनील कुमार तिवारी, एसआई चंदन प्रधान एवं एएसआई आलोक कुमार दलबल के साथ मझिआंव स्थित एसबीआई बरडीहा ब्रांच पहुंच कर मामले की जानकारी में जुट गये।

## श्रम पदाधिकारियों ने चार बाल मजदूरों का किया रेस्क्यू

बंशीधर न्यूज



**मझिआंव :** बाजार क्षेत्र के विभिन्न दुकानों में छापेमारी कर जिला बाल श्रम पदाधिकारियों ने चार बाल मजदूरों को छुड़ाये और अपने साथ ले गये। मिली प्राप्त जानकारी के अनुसार बाल श्रम पदाधिकारी एवं सीडब्ल्यूसी के पदाधिकारी के द्वारा यह कार्रवाई की गई है। इस दौरान राधा कृष्ण बालिका विद्यालय के समीप अवधेश ट्रैक्टर वर्कशॉप से तीन बाल मजदूर एवं सोनू जनरल एंड किराना दुकान से एक बाल मजदूर को पकड़ा गया। जानकारी देते हुये बाल श्रम इंस्पेक्टर इतवारी महतो ने बताया कि बाल श्रम मुक्त अभियान के तहत जिला भर में छापेमारी अभियान चलाई जा रही है। जहां 14 वर्ष एवं 14 वर्ष से कम उम्र वाले बच्चों से काम करवाया जा रहा है वह कानून अपराध है। कहा की किसी भी होटल ढाबा किराना दुकान या अन्य दुकानों में बाल मजदूरों से अगर मजदूरी कराई जाती है तो बाल श्रम अधिनियम के तहत दुकानदारों के खिलाफ प्राथमिक की दर्ज एवं अग्रतर कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि मझिआंव बाजार के विभिन्न दुकानों से चार बाल मजदूरों को छुड़ाया गया है और आगे की कार्रवाई की जायेगी। साथ ही उन्होंने कहा कि इस तरह की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

## कांडी हाईस्कूल परिसर में मारपीट

बंशीधर न्यूज



**कांडी :** प्रखंड स्थित हाईस्कूल कांडी में लंच के समय विद्यालय में अध्ययनरत दो-चार बच्चे किसी बात को लेकर आपस में मारपीट करने लगे। लड़ाई अधिक बढ़ता देख शिक्षकों ने सबों को शांत कराने का प्रयास किया। वहीं कुछ अध्यापक वीडियो बनाने लगे। साथ ही इसकी सूचना पुलिस को दिया। पुलिस ने विद्यालय में पहुंचकर दो बच्चों को थाना ले गयी। घटना के दिन विद्यालय के प्रभार में शिक्षक निरंजन साह थे। विद्यालय परिसर में लड़ाई झगड़ा करने को लेकर तीन छात्र को विद्यालय से निलंबित कर दिया गया है। विद्यालय नोटिस संख्या 232 दिनांक 26 जून 2024 के तहत 12 वीं विज्ञान के छात्र ओम विश्वकर्मा व तन्मय पाण्डेय तथा 11वीं कला के छात्र सर्लिन कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। प्राचार्या विद्यानी बाखला ने बताया कि उक्त सभी बच्चों के अभिभावकों को विद्यालय बुलाया गया है। साथ ही एसएमसी की बैठक बुलाकर आगे की कार्रवाई की जायेगी। थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम ने बताया कि इस विषय मे अभी तक विद्यालय से और न किसी अभिभावकों की ओर से कोई आवेदन थाना को नहीं मिली है अगर कहीं से आवेदन आता है तो पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी।

## बालू उठाव पर रोक के बावजूद अवैध उत्खनन और बालू की ढुलाई जारी

# आसनाबांध व ढाढरा नदी से हो रहा बालू का उठाव

बिमलेश कुमार



**भवनाथपुर :** नेशनल ग्रीन ट्रीब्युनल (एनजीटी) के द्वारा 10 जून से 15 अक्टूबर तक बालू उठाव पर रोक के बावजूद भवनाथपुर के एकलौता ढाढरा नदी से बड़े पैमाने पर अवैध उत्खनन और बालू की ढुलाई जोरो पर है। बालू माफिया स्थानीय प्रशासन को खुल्लेआम चुनौती देते हुये बेखौफ होकर भवनाथपुर के असनाबांध और बरवारी के ढाढरा नदी से बालू का अवैध उत्खनन कर कोरवाटोली मध्य विद्यालय के आस पास, जंगलों में तथा मुख्य पथ के किनारे सैकड़ों ट्रैक्टर बालू डंप कर ऊंची कीमत पर बेच रहे हैं। इसकी जानकारी अंचल कार्यालय एवं स्थानीय प्रशासन को होने के बाद भी जवाबदेह पदाधिकारी मुकदर्शक बने हुये हैं। बालू माफियाओं द्वारा ढाढरा नदी का दोहन किये जाने से नदी अपनी अस्मिता की रक्षा की गुहार लगा रही है, लेकिन न तो स्थानीय प्रशासन और ना ही अंचल पदाधिकारी को ही इस अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिये कोई ठोस कदम उठाया जा रहा है। अपनी अस्मिता की रक्षा की गुहार लगा रही ढाढरा नदी प्रखंड के असनाबांध, बरवारी होते हुये कलकल बहने वाली भवनाथपुर की एकलौता ढाढरा नदी में कभी सालो भर पानी बहते रहती थी, लेकिन पिछले चार पांच वर्षो के दौरान बालू माफियाओं ने नदी की अस्तित्व को छिन्न भिन्न कर बड़े पैमाने पर नदी से बालू का अवैध उत्खनन कर नदी की अस्मिता को लूटने पर तुले हुये हैं। बालू माफिया शाम ढलते ही अंधेरे में ढाढरा नदी में पहुंचकर बालू के उत्खनन शुरू करते हैं और सुबह होते तक आस पास के जंगलों में बड़े पमाने पर बालू डंप कर रखते हैं। रात में बालू उठाव करने के बाद बालू माफिया आसपास इलाकों में तीन से पांच ट्रैक्टर बालू की बिक्री कर रहे हैं। बालू माफियाओं की इस कारनामे की जानकारी संबंधित विभाग को होने के बावजूद बालू माफियाओं के विरुद्ध कार्रवाई करने में उदासीन बनी हुई है। इस संबंध में सीओ आफताब आलम ने कहा कि कुछ दिन पहले ही भवनाथपुर में योगदान दिये हैं। मामला मेरे संज्ञान में नहीं है, जांचोंपरांत कार्रवाई करेंगे।

### यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिये सेफ्टी काउंसलिंग



**गढ़वा :** जिले में सड़क सुरक्षा के नियमों के अनुपालन तथा थाना के द्वारा बाईक वाहन चेकिंग के दौरान बिना हेलमेट पकड़े जाने वालों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने को लेकर जिला परिवहन पदाधिकारी एवं सड़क-सुरक्षा की टीम की ओर से रोड सेफ्टी काउंसलिंग किया गया। जागरूकता अभियान के क्रम में यातायात नियम की कड़ाई से पालन करने के लिये सड़क दुर्घटनाओं से कैसे बचा जाय और दूसरों को कैसे बचाया जाय इस संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। पदाधिकारियों ने कहा कि दुर्घटना में ज्यादातर मृत्यु एवं दुर्घटना बाईक से हो रही है। उन्होंने कहा ऐसी गलती न करें और कड़ा रुख अपना कर अपने परिवार को भी सुरक्षा का पाठ पढ़ायें। मौके पर मुख्य रूप से जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक संजय बैठा, विनय रंजन तिवारी और आईटी नीरज पांडेय आदि उपस्थित थे।

